नवभारत

साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन कार्यक्रम

■साकोली, (सं). स्थानीय कृष्णमुरारी कटकवार विद्यालय और जूनियर कॉलेज साकोली में क्विक हिल फाउंडेशन की ओर से साइबर सुरक्षा सलाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम मानसी शेंडे और पूर्वा लांजेवार के मार्गदर्शन में हुआ. स्कूल के प्रिंसिपल विजय देवगीकर ने मानसी शेंडे और पूर्वा लांजेवार का स्कूल की ओर से फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. आज के इस उन्नत युग में आम जनता

को गुमराह एवं ठगे जाने से कैसे सावधान रहना चाहिए, इस पर उन्होंने मार्गदर्शन दिया. मार्गदर्शन में छात्रों को सोशल मीडिया, फ्रॉड कॉल, ई-मेल लिंक, सुरक्षा के बारे में व्यक्तिगत विवरण जानकारी के बारे में बहुत महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया. बी. एस. लांजे, संजय पारधी, मते, नेवारे, मडकवार, बिसेन, विठले, साहू, शिवदास लांजेवार, संजय भंडारकर, अविनाश मेश्राम, शिवपाल चन्ने, दिनेश उइके, पुष्पा बोरकर, नीलिमा गेडाम, अनुराधा रणदिवे आदि सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया.

Bhandara Edition Edition

Aug 31, 2024 Page No. 4

Powered by: erelego.com